न्यायालय उपखण्ड अधिकारी हमीरगढ
पीठासीन अधिकारी श्री अतहर आमिर उल शफि खान आई.ए.एस.
प्रकरण संख्या 06 / 2019

उनवान

1 श्रीरामा पिता हजारी तेली निवासी बरडोद तहसील हमीरगढ जिला भीलवाडा
2 लेहरी पत्नि हजारी तेली निवासी बरडोद तहसील हमीरगढ जिला भीलवाडा —प्रार्थीगण

बनाम

1 श्रीरामेश्वरलाल पिता श्रीमोहनलाल गोस्वामी निवासी बरडोद तहसील हमीरगढ जिला भीलवाडा
2 श्रीगणेश पिता श्रीलालु तेली निवासी बरडोद तहसील हमीरगढ जिला भीलवाडा
3 श्री कालु पिता नारायण गाडरी निवासी बरडोद तहसील हमीरगढ जिला भीलवाडा
4 राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार हमीरगढ —अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111—128 राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम 1956
निर्णय दिनांक 20.06.2019

प्रार्थी की ओर से एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111—128 राजस्थान भूँ—राजस्व अधिनियम 56 के तहत इस कार्यालय में दिनांक 19.02.2019 को प्रस्तुत कर निवेदन किया है ग्राम बरडोद पटवार का बरडोद भू—अभिलेख निरीक्षक क्षैत्र बरडोद तहसील हमीरगढ में उसके खाते की कृषि भूमि आराजी बर 2625 रकबा 02 बीघा, आ0नं0 2626 रकबा 03 बीघा 09 बिस्वा कुल किता 02 रकबा 05 बीघा 09 स्वा भूमि स्थित है। वादग्रस्त भूमि के विपक्षीगण पडौसी है प्रार्थी एवं विपक्षीगण के मध्य प्रश्नगत आराजी सीमा चिन्ह नही होने से आये दिन सीमा संबंधी विवाद उत्पन्न होता रहा है। इसलिए प्रार्थी अपने खाते खातेदारी कृषि भूमि की पत्थरगढी कराना चाहता है। आवेदन स्वीकार किया जाकर पत्थरगढी के देश प्रदान कराया जावे।

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में दिनांक 19.02.2019 को पंजीबद्ध किया गया। प्रार्थी के विवक्ता उपस्थित विपक्षी संख्या 01 से 04 बावजूद विधिवत प्रकियानुसार सुनवाई का अवसर देने के रान्त उपस्थित नही है। अतः न्यायहित में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाती है। प्रस्तुत प्रार्थना पर प्रार्थी / प्रार्थी अधिवक्ता को सुना गया। प्रस्तुत बहस पर मनन किया गया तथा पत्रावली में उपलब्ध र्ड का ध्यापपूर्वक अवलोकन किया गया। प्रकरण के अवलोकन से यह तथ्य है कि प्रार्थी स्वंय के खाते खातेदारी कृषि भूमि की पत्थरगढी कराने का अधिकारी है। वैसे भी इस प्रकार के आदेश से अधिकार लेख में किसी प्रकार के हेराफेरी होने का कोई अंदेशा नही है तथा न ही किसी प्रकार अधिकार / स्वत्व रित किये जाते है। अतः इन तथ्यो को देखते हुए नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्त के आधार पर आवेदन स्वीकार योग्य है।

आदेश

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर तहसीलदार हमीरगढ को आदेश दिये जाते है ाम बरडोद पटवार हल्का बरडोद भू—अभिलेख निरीक्षक क्षैत्र बरडोद तहसील हमीरगढ में उसके खाते ृषि भूमि आराजी नम्बर 2625 रकबा 02 बीघा, आ0नं0 2626 रकबा 03 बीघा 09 बिस्वा कुल किता 02 05 बीघा 09 बिस्वाभूमि कि पत्थरगढी राजस्थान लैण्ड रेकार्ड नियम 1956 के प्रावधानो में निर्धारित के अनुसार की जावे तथा नियमानुसार निर्धारित शुल्क 600/— पक्षकार प्रार्थी राजकोष में जमा साथ ही कमिश्नर फीस 500/—रू0 की नियमानुसार अदसयगी प्रार्थी पक्षकार निर्धारित कमिश्नर को करें।

आदेश आज दिनांक 20.06.2019 को खुले न्यायालय में सुनाया जाकर लिखा गया। प्रकरण फैसल होकर दाखिल दफ्तर रहे।

उपखण्ड अधिकारी
हमीरगढ

Scanned by CamScanner